## संक्षिप्त

### अधिवक्ता भुवन ऋभु सम्मानित

**निवाई।** बाल अधिकारों की सुरक्षा में सराहनीय कार्य करने पर सिकोइडकोन संस्था एवं भारतीय बाल अधिकार अधिवक्ता भुवन ऋभु को वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन का मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान डोमिनिकन रिपब्लिक में आयोजित वर्ल्ड लॉ कांठोस सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। सिकोइडकोन संस्था प्रतिनिधि किरण शर्मा ने बताया कि सम्मान समारोह में 70 से अधिक देशों से करीब 1 हजार 500 से अधिक विधिवेत्ता व 300 वक्ताओं ने भाग लिया। इस सम्मान को प्राप्त करने वाले अधिवक्ता भुवन ऋभु पहले भारतीय अधिवक्ता बने हैं। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार अब तक विंस्टन चर्चिल, नेल्सन मंडेला व रूथ बेडर गिन्सबर्ग जैसी वैश्विक हस्तियों को मिला है। संस्था ठााम चेतना केन्द्र के साथ मिलकर बाल विवाह, बाल तस्करी व यौन शोषण की रोकथाम के लिए कार्य कर रही है। भुवन ऋभु की कानूनी विशेषज्ञता और रणनीतिक मार्गदर्शन से जिले में बच्चों की सुरक्षा हेतु प्रभावशाली बदलाव आए हैं।

### साधारण सभा की बैठक कल

**निवाई।** स्थानीय पंचायत समिति के सभागार में गुरूवार को प्रधान रामअवतार लांगडी की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित होगी। विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव ने बताया कि बैठक में बिजली, पानी, चिकित्सा, सडक एवं गत बैठक की कार्रवाई की पालना रिर्पोट सहित स्वच्छता योजना, सिंचाई योजना, खाद्य एवं आपूर्ति योजना, राजस्व विभाग योजना, समाज कल्याण योजना, पशुपालन योजना, मनरेगा योजना, वार्षिक कार्य योजना, बजट 2024-25 का अनुमोदन एवं मौसमी बीमारियों सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य सहित समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बीसलपुर परियोजना विभाग, राजस्व विभाग, जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, चिकित्सा विभाग, आयुर्वेद विभाग एवं रसद विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।

### 10 जोड़े एक सूत्र में बंधे

**बौंली- बामनवास ।** सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के एक मैरिज गार्डन में 5 मई जानकी नवमी को देर रात्रि तक वैष्णव ब्राह्मण सेवा संस्थान जिला सवाई माधोपुर द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया । सामूहिक विवाह सम्मेलन में देश भर से आए 10 जोड़ों का मंत्रोचार के साथ विवाह संपन्न कराया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि समाज रत्न आचार्य विष्णु शास्त्री रहे, अध्यक्षता डॉक्टर मस्तराम महंत प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी संघ ने की, विशिष्ट अतिथियों में सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष लोकेंद्र वैष्णव, पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ वैष्णव, पूर्व सरपंच मुरारी लाल वैष्णव एवं सुदामा बैरागी सहित अन्य सामाजिक लोग उपस्थित थे। सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान सवाई माधोपुर जिले के अलावा अन्य प्रांत से आए वैष्णव समाज के महिला पुरुषों ने नव विवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दी।

# रास्ता खोलो अभियान के तहत प्रत्येक ब्लॉक में 50-50 रास्ते एक माह में खुलवाने का लक्ष्य

■ जिले में चाइल्ड फ्रेंडली आंगनबाड़ी विकसित कराने के लिए निर्देशित किया




**जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने अलवर मिनी सचिवालय के कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर समीक्षा बैठक ली।**

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर शुक्ला ने जिले में संचालित केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराने एवं विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने व नियमित रूप से कार्यालय में आमजन की परिवेदनाओं को सुनने तथा जनसुनवाई एवं विभिन्न माध्यमों से आने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के साथ जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग कर सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने के निर्देश दिये है।

जिला कलेक्टर ने बैठक में उपखण्ड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठाामीण क्षेत्र में बाधित रास्तों को समन्वय स्थापित कर आमजन की सहमति से खुलवाया जाना सुनिश्चित करें। रास्ते खुलने से आवागमन सुगम होने के साथ कृषि आदि कार्य में भी सहूलियत होगी। उन्होंने तहसीलवार एक माह में 50-50 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य देकर विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन रास्तों में ठोवल सडक की आवश्यकता है वहां ठोवल सड़क बनाने के प्रस्ताव भी बनाकर भिजवाएं । विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि वह उपखण्ड अधिकारी से समन्वय स्थापित कर जिले में ब्लॉकवार पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के शिविर आयोजित करें। इस योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी, घर के जीरो बिल होने तथा अतिरिक्त विद्युत उत्पादन से अतिरिक्त आय होने के लाभ के बारे में आमजन में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करावे। इस योजना के क्रियान्वयन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लेवे।

जिला कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक को कहा कि उपखण्ड अधिकारियों से समन्वय कर सरकारी व सीएसआर मद से प्रत्येक ब्लॉक में पांच - पांच आंगनबाडी चिन्हित कर चाइल्ड फ्रेंडली आंगनबाडी के रूप में विकसित करावे। इन आंगनबाडियों की मरम्मत, चाइल्ड फ्रेंडली रंगरोगन व फर्नीचर की व्यवस्था कराने के साथ यह सुनिश्चित करें कि इनमें अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं अच्छी गुणवत्ता की रहे। उन्होंने जिला परिषद के सीईओ को मानसून से पूर्व मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना व मनरेगा योजना में स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एमजेएसए के प्रगतिरत कार्यों में आगामी दस दिवस में 50 फीसदी प्रगति लाने के निर्देश दिये तथा इसी प्रकार मनरेगा योजना में प्रगतिरत कार्यों को 25 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये है। जिला कलेक्टर ने मेवात विकास योजना एवं सांसद व विधायक निधि कोष के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि तकनीकी व वित्तीय स्वीकृति आदि कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराकर कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करावे। उन्होंने हीट स्ट्रोक की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आपदा प्रबंधन विभाग की गाइड लाइन के अनुरूप पुख्ता तैयारियां रखे। उन्होंने ई-विद्या अभियान के तहत जिले के सरकारी स्कूलों में बनाई जा रही ई-लाइब्रेरी की समीक्षा कर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि शेष रही ई-लाइब्रेरियों को भी समयबद्ध रूप से पूर्ण करावे।

बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर सहित वीसी के माध्यम से समस्त उपखण्ड अधिकारी व विकास अधिकारी बैठक से जुडे तथा विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक महेश गुप्ता व जिला शिक्षा अधिकारी मनोज शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**श्रीमाधोपुर ।** स्थानीय विद्यालय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 2, श्रीमाधोपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर व तालुका विधिक सेवा समिति श्रीमाधोपुर के एक्शन प्लान मई 2025 की अनुपालना में विधिक साक्षरता शिविर के तहत पीएलवी चेतन चौहान के द्वारा बच्चों को मजदूर दिवस के उपलक्ष में विधि से संबंधित बालकों, बाल श्रम, बाल विवाह, बच्चों के कल्याण के लिए आरएसएलएसए योजना और कानून के साथ संघर्ष कैदियों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में श्री हंसराज वर्मा (प्र.अ.), सोहन लाल कुमावत, पूरण मल वर्मा, महेन्द्र कुमार शर्मा, अविनाश बराला, आरती कुमावत और सुरता चौधरी उपस्थित रहे।

### जामडोली को यथावत रखने की मांग

**निवाई।** ग्राम पंचायत जामडोली के ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच सत्यनारायण पंचोली के नेतृत्व में जामडोली को यथावत ग्राम पचायत रखने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर सौम्या झा व एसडीएम सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि ठााम पंचायत जामडोली वर्तमान में ग्राम पंचायत है परंतु पंचायत परिसीमन में जामडोली को ग्राम पंचायत दत्तवास में जोडने का प्रस्ताव किया गया है। जबकि जामडोली में पहले सक ही अटल सेवा केन्द्र व पंचायत का भवन सहित कई सरकारी दफ्तर है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर जामडोली को यथावत ग्राम पंचायत रखने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सत्यनारायण शर्मा, नेता भाजपा भरतलाल, जगदीश रैगर, जन्सीलाल, रामकेश व जगदीश पटेल सहित कई ग्रामीण मौज्द थे।

### 5 दर्जन नेत्र रोगियों की जांच

**मालपुरा** (निस) रोटरी क्लब मालपुरा सीटी एवं जिला अंधता निवारण समिति के संयुक्त तत्वाधान मे मंगलवार को शहर की आदिनाथ धर्मशाला मे नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ ने पांच दर्जन नेत्र रोगियों की जांच कर दो दर्जन मरीजों को चश्मे वितरित कर नि:शुल्क ऑपरेशन किये गये। बीस नेत्र रोगियों को चयन किया गया। इस दौरान राजकुमार गुप्ता, शेर सिंह राजावत, डॉ. अंकित जैन सहित क्लब परिवार सदस्य मौजूद रहै।

### अतिक्रमण हटाया

**बौंली- बामनवास ।** सवाई माधोपुर जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत तहसीलदार बौंली के आदेशानुसार राजस्व ग्राम धनेसरा के खसरा नंबर 896, 879, 968, 991 व 992 की गैर मुमकिन रास्ते से पटवारी अलूदा, कोडियाई, जस्टाना, सरपंच, ठााम विकास अधिकारी एवं पुलिस बल के साथ मुस्तकिल बिंदु से जरीब चलाकर सीमाज्ञान कराने के बाद जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाकर रास्ता सुचारू रूप से खुलवाया गया।

### कलशयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**सिरस।** सन्यास दस नाम जूना अखाड़ा आश्रम सिरस पपलाज माता व बालाजी मंदिर में चल रहे पंच कुंडीय महायज्ञ मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। 4 मई से शुरू हुए यज्ञ में समापन पर वैदिक मंत्रोच्चारण हवन व पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। यज्ञ में हवन में भी काफी श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञ में कई संतों ने प्रवचन देते हुए यज्ञ व उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्णाहुति के बाद महाआरती में कई श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजनकर्ता संत सुखानंद महाराज व सोमगिरि महाराज ने यज्ञ संपन्न करवा कर सभी को बुराई छोडऩे व अच्छाई को ग्रहण करने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर केसर सिंह, देवराज सिंह, दुर्गा सिंह, रामदयाल जाट व पायलट सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## 'वक्फ सुधार कानून मुस्लिमों के हित में'

■ बैठक में वक्फ सुधार अभियान की विधानसभावार कार्यशाला को लेकर चर्चा की गई

**टोंक ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे अभियान वक्फ सुधार जनजागरण को लेकर जिला समिति की बैठक भाजपा जन संवाद कार्यालय टोंक पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वक्फ सुधार अभियान की विधानसभावार कार्यशाला को लेकर चर्चा की गईं।

भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया किअ, विशेष रूप से गरीब मुस्लिमों के हित में हैं, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वक्फ कानून में संशोधन कर यह सुनिश्चित किया है कि गरीब मुस्लिमों को उनकी वाजिब संपत्ति और अधिकार मिल सकें। वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के जिला संयोजक प्रभु बाडोलिया ने बताया कि वक्फ संशोधन अधिनियम के विषय में भाजपा जिला टोंक में विधानसभा वार कार्यक्रम तय किए हैं, 8 मई को उनियारा में कार्यशाला होगी, जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री व खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल रहेंगे तथा उसी दिन निवाई में भी कार्यशाला होगी जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री व खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल रहेंगे।

उन्होंने बताया कि 11 मई को टोंक में कार्यशाला होगी जिसमें मुख्य वक्ता केबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल होंगे तथा उसी दिन टोडा-मालपुरा में भी कार्यशाला आयोजित होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि वक्फ सुधार जन जागरण को लेकर 10 मई को अजमेर संभाग सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा का प्रवास तय हुआ हैं। इस अवसर पर बैठक में शैलेंद्र चौधरी, रामकिशन गुर्जर, वकार खान, अब्दुल राशिद, राजेश शर्मा, लोकेश गुप्ता, अंजलि गुप्ता, नाजमा परवीन, सहित अन्य कार्यकर्ताअ मौजूद रहे।

## सैकड़ों लोगों ने शिविर का उठाया लाभ

■ लैंस प्रत्यारोपित किए जाने को लेकर दर्जनों लोगों को चिन्हित किया



**जीवन बचाओ आंदोलन और शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र शिविर का आयोजन किया ।**

**पावटा।** जीवन बचाओ आंदोलन और शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विराटनगर कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। जीवन बचाओ आंदोलन के मुख्य संयोजक एवं शिविर संयोजक नित्येन्द्र मानव ने बताया कि शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। जिनमें से दर्जन भर से ज्यादा लोगों को मोतियाबिंद पाया गया। जिन्हें ऑपरेशन के लिए जयपुर स्थित शंकरा हॉस्पिटल ले जाया गया। शिविर का निरीक्षण करते हुए बीसीएमओ डॉ. सुनील मीना, सीएचसी प्रभारी डॉ. चेतन देव सैनी व राजकीय आयुर्वेद औषधालय विराटनगर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र वर्मा ने कहा कि मोतियाबिंद की समस्या के चलते भारत में करोड़ों लोगों के जीवन में अंधेरा छा जाता है।

जिससे उनका जीवन बेहद कष्टमय हो जाता है। इसलिए हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों को राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे शिविरों में ले जाकर इनके जीवन से अंधेरा मिटा कर इंसानियत के प्रति अपना कर्तव्य निभाए। शिविर में जीवन बचाओ आंदोलन के मुख्य संयोजक एवं शिविर संयोजक नित्येन्द्र मानव, बलवंत मीना, विनोद सूरजपुर, पवन खर्रा, अजय व विष्णु मीना, नरेश दुहारिया सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहते हुए अपनी सेवाए दी।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन

■ 11 मई को आयोजित होगा चौम में लक्की ड्रॉ एवं टी-शर्ट लॉन्चिंग का कार्यक्रम

**चौंमू / कालाडेरा ।** जयपुर-सीकर एक्सप्रेस हाईवे पर स्थित चौमूं क्षेत्र के जैतपुरा गांव के वीर तेजाजी खेल मैदान में 18 मई से होने वाली ओपन रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा द्वारा किया गया और साथ ही आयोजन कर्ता सर्व ब्राह्मण महासभा खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं समाजसेवी राकेश शर्मा को कार्यक्रम को शांतिपूर्ण सफल करवाने की अठिाम शुभकामनाएं प्रेषित की रामलाल शर्मा ने बताया कि यह खेल अनुशासन और सहकार्य की भावना को भी बढ्ावा देता है।

क्रिकेट के माध्यम से युवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस खेल ने भारत को एकजुट करने का कार्य किया है, और भविष्य में भी यह खेल लोगों को उत्साहित करने का एक प्रमुख माध्यम बना रहेगा। क्रिकेट प्रतियोगिता के मुख्य आयोजन कर्ता राकेश शर्मा ने कहा कि इस खेल आयोजन में देश के कोने-कोने की टीमें एवं खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और इन सभी के लिए खाने-पीने एवं रहने की अच्छी व्यवस्था की गई है प्रतियोगिता के संयोजक अनिल शर्मा ने सभी टीमों के कप्तानों एवं स्पॉन्सरों को सूचित करते हुए कहा है कि 11 मई को चौमूं क्षेत्र की एक निजी होटल में प्रतियोगिता के सभी मैचों के लक्की ड्रा पर्ची एवं लिस्ट तथा टी-शर्ट लॉन्चिंग का कार्यक्रम रखा गया है। पोस्टर विमोचन इस दौरान सर्व ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व सरपंच बलवीर शर्मा, राजेश शर्मा, सूरज शर्मा एवं कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## शिवमहापुराण सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

■ महादेव की अराधना ही उन्नित का उत्तम मार्ग : पंडित श्रीकृष्ण

**पावटा।** बंसल परिवार के तत्वाधान एवं मंदिर महंत रामकरण पुजारी, गोविंद पुजारी, राहुल पुजारी, विकास पुजारी के सान्निध्य व नरसिंह मंदिर कमेटी, आदर्श रामलीला मंडल पावटा एवं बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर कमेटी के सौजन्य से श्री नृसिंह मंदिर पावटा में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन भी वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पंडित श्रीकृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज के मुखारविंद से कथा सुनने बडी संख्या में भक्त पहुंचे ।

भोलेनाथ की भक्ति से परिपूर्ण श्रद्धालुओं का उत्साह कम नही हुआ। श्री नृसिंह मंदिर पावटा कथास्थल, कथा का रसपान करने आये श्रद्धालुओं से पूर्णत: भरा हुआ था। कथावाचक पंडित श्रीकृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज ने दूसरे दिन कथा में अपना जीवन सनातन संस्कृति के प्रसार में लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज सनातन धर्म के प्रति लोग जागरूक हुए हैं अब लोगों में धर्म के प्रति आस्था जगी है। उन्होंने कहा कि महादेव की भक्ति करें सिर्फ वही है जो आपका भविष्य तय करते हैं। शंकर भगवान का भजन करें वही दुनिया का भाग्य लिखने वाले है। जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो वह भाग्यशाली है। भगवान के विषय में जानने के लिए जिज्ञासु हो, वह भाग्यवान है। हम लोग जिस कलयुग में जी रहे हैं इस युग में बड़े-बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है जो भक्ति को धारण करता है वह कलयुग के प्रभाव से बच जाता है।

जीवन में तीन ताप परेशान करें तो भगवान के निकट पहुंच जाएं जिससे हमें तीनों ताप से छुटकारा मिलता है। तब तक कलयुग के पाप परेशान करेंगे जब तक शिवपुराण हमारे जीवन में शामिल ना हो जाए यही शिवपुराण की महिमा है। भगवान शंकर जी मंगल राशि है उनका नाम और ध्यान भी मंगलमय है। शिव जैसा समान दृष्टा कौन होगा, महादेव दैत्य एवं देवों के लिए सदा कृपा वंत रहते हैं इस दौरान श्रद्धालु गण उपस्थित रहे। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर पंडित सुरेश शर्मा पत्रकार, दौलत अठावाल, उमाकांत बंसल, पूर्व वार्ड पार्षद सांवरमल, विनोद बंसल, विष्णु बंसल, दिनेश बंसल, महेश बंसल, सुशील चौधरी, गोपाल चौधरी, अशोक चौधरी, राजेंद्र प्रसाद गौड, श्रवण कुमार गौड, रमाकांत शर्मा, बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज, सुनील गौड, संतोष गुप्ता, सुशील गौड, गोपाल, विनय गोयल, आकाश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, अमित शर्मा, अमित बटवाल, प्रदीप टांक, रामशरण बोहरा, हिमांशु शर्मा, निखिल शर्मा, सुभाष टीलावत सहित आदर्श रामलीला मंडल व बाबा भूतनाथ कमेटी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बरसात होने से मौसम हुआ खुशनुमा

**निवाई ।** उपखण्ड मुख्यालय पर सोमवार की रात अचानक हुई बरसात से मौसम सुहावना हो गया। जिससे पिछले एक माह से हो रही तेज धूप व गर्मी से लोगों को निजात मिली। बुधवार को भी सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। जिससे तापमान में गिरावट रही और मौसम खुशनुमा हो गया। जिससे गर्मी से राहत मिली। आसमां में घने काले बादल छाने से दिन में भी अंधेरा रहा। जिससे वाहन चालक दिन में ही वाहनों की हेड लाईटे जलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर करते हुए नजर आए। बरसात होने से कई स्थानों व सडकों पर भारी पानी भर गया तथा पिछले एक माह से पड़ रही भीषण गर्मी से निजात मिली।

## मॉक ड्रिल के दौरान घबराए नहीं, सक्रिय भागीदारी निभाएं

■ मुख्य सचिव ने नागरिक सुरक्षा, पूर्वाभ्यास के लिए निर्देश दिए

**अलवर ।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को सभी जिलों के कलक्टर एवं अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक में भारत सरकार की ओर से बुधवार 7 मई को प्रस्तावित मॉक ड्रिल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।


मुख्य सचिव ने बैठक में बताया कि भारत सरकार ने इस मॉक ड्रिल को 'ऑपरेशन अभ्यास' नाम दिया है जो प्रशासनिक, पुलिस, नागरिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य कार्मिकों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी आपात स्थिति में सुरक्षित व्यवहार सीखने का महत्वपूर्ण अवसर है। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने प्रस्तावित पूर्व अभ्यास के क्रम में मुख्य सचिव की ओर से दिए गए निर्देशों और मॉक ड्रिल के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की पालना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे 7 मई 2025 (बुधवार) को केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशन में आयोजित हो रही सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा है कि सभी लोग इस अभ्यास का किसी भी आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा से संबंधित सबक सीखने के अवसर के रूप में उपयोग करें। जिला कलक्टर ने कहा कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर 'हवाई हमले की स्थिति' से निपटने का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस क्रम में रात के समय ब्लैक आउट का भी पूर्वाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी अभ्यास आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और विभागीय समन्वय की कसौटी पर खरा उतरने का पूर्वाभ्यास है, जिसमें गांव स्तर तक सभी लोगों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य न केवल आपदा के समय प्रशासन की तैयारियों को परखना है, बल्कि आम नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों और युवाओं को आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक और प्रशिक्षित करना भी है। जिला कलक्टर ने कहा कि हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली, हॉटलाइन/रेडियो लिंक, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली, ब्लैकआउट तैयारी, मेडिकल, रसद और अग्निशमन व्यवस्था जैसी व्यवस्थाओं का अभ्यास इस ड्रिल में किया जाएगा। उन्होंने एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से विशेष रूप से इस गतिविधि में भाग लेने का आठाह किया है ताकि आपदा की स्थिति में वे समाज के लिए मजबूत सहयोगी बन सकें। सभी नागरिकों, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों और विभागीय अधिकारियों से अनुरोध है कि वे इस अभ्यास में अपनी जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और जिले को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सशक्त बनाने में योगदान दें।

## लूट की कहानी निकली झूठी

**टोक।** पीपलू थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात के दौरान पिकअप चालक द्वारा रची गई एक फर्जी कहानी में 8 लाख 92 हजार 900 रुपये की रकम को लेकर हुई घटना का फर्दाफाश करते हुए पुलिस ने आरोपियों की साजिश का भंडाफोड़ किया एवं रकम को भी बरामद की। पीपलू थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने बताया 3 मई को पीपलू थाने में एक सूचना दी गई थी कि पिकअप चालक के साथ नकाबपोश बदमाशों ने लाखों रुपये की लूट की है। जिस दौरान परिवादी चालक मुकेश माली टोंक मंडी से माल लेकर लौट रहा था, तभी चार नकाबपोश व्यक्ति काले रंग की थार में आए और उसके साथ मारपीट कर 8 लाख 92 हजार 900 रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए टोंक पीपलू थाना प्रभारी उदयवीर सिंह के द्वारा गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास के 4-5 सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, साथ ही पास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की गई। तभी पुलिस को शक हुआ और चालक मुकेश माली से कड़ाई से पूछताछ की गई।

# देवयानी तीर्थ स्थल की सफाई के लिए 1.80 लाख का टेंडर

■ बुद्ध पूर्णिमा को भरेगा वार्षिक मेला, सरोवर के अंदर की गंदगी हटाना पालिका के लिए चुनौती



**देवयानी तीर्थ स्थल पर स्थित कुंड में सफाई नहीं होने से यहां आचमन करने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं ।**

**सांभरझील,** (निसं)। यहां से 1 किलोमीटर दूर तीर्थो की नानी के नाम से विख्यात देवयानी तीर्थ स्थल पर आगामी 12 मई शनिवार बुद्ध पूर्णिमा को विशाल मेला भरेगा, लेकिन पालिका प्रशासन की ओर से कुंड के अंदर व्याप्त गंदगी को अभी तक भी नहीं हटाया गया है। संपूर्ण सरोवर में कमलगट्टों जाल फैला हुआ है, कुंड के पानी से आचमन कर हजारों श्रद्धालु जिनमें महिलाओं की तादाद सबसे अधिक होती है अपनी आस्था प्रकट कर मैया देवयानी से परिवार की खुशहाली के लिए कामना भी करती है। यह बताना जरूरी है कि पूरे 1 साल में नगर पालिका कभी भूल से इसकी सफाई करवाई हो तो अलग बात है लेकिन कभी भी कृत्रिम कुंड और सरोवर की साफ सफाई नहीं करवाई।

पानी इतना ज्यादा मटमेला और कचरा फैला हुआ है कि आचमन करना तो दूर उस पानी के नजदीक भी आसानी से इसलिए नहीं बैठ जा सकता की एलगी कि उसमें गंध आती है। स्थानीय व बाहर से आने वाले श्रद्धालु बताते हैं कि ऐसे में अब सवालिया निशान यह खड़े हो रहे हैं कि जब कुंड में अपनी ही नगर पालिका शुद्ध पानी का नहीं इंतजाम कर सकी तो केवल साफ सफाई पर एक लाख 80 हजार का टेंडर जारी कर अब क्या प्रदर्शित करना चाहती है, लोगों का कहना है कि सफाई तो चलो होनी चाहिए लेकिन वास्तविक रूप से मेले में आने वाले लोगों को जो सुविधा मिलनी चाहिए उसके लिए पालिका क्या कदम उठा रही है। बता दे की पालिका की की ओर से एक प्राकृतिक होद बनवाया हुआ है जिसमें निजी टैंकरों से मीठा पानी भरवा कर श्रद्धालुओं के लिए नहाने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है, लेकिन सरोवर के भीतर जमा गंदगी को हटाने के लिए पहले से यदि ठोस कार्रवाई होती तो श्रद्धालु घाट पर बैठकर ही आचरण कर सकते थे। पालिका की ओर से मेले को ध्यान में रखते हुए 19 मार्च को साफ सफाई का ठेका छोड़ा गया है।